प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 24.04.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि, 1960 को निलंबित करने और चैक पोस्ट अटारी को तत्काल प्रभाव से बंद करने सहित कई कड़े कदम उठाए।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पहलगाम हमले को देखते हुए प्रदेश में सभी जगह माकूल सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
- राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस आज–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देशभर की पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम सभाओं को संबोधित करेंगे।
- प्रदेश में तापमान में बढोतरी का सिलसिला जारी–साढे 43 डिग्री सैल्सियस के साथ बाडमेर सबसे गर्म स्थान रहा।

00000

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि, 1960 को निलंबित करने और चैक पोस्ट अटारी को तत्काल प्रभाव से बंद करने सहित कई कड़े कदम उठाए हैं। सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने कल शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर अपनी बैठक में समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की और सभी बलों को कड़ी सतर्कता बरतने के निर्देश दिये। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क वीजा छूट योजना के तहत भारत की यात्रा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी नागरिकों को अतीत में जारी किसी भी सार्क छूट वीजा को रद्द माना जाएगा। विदेश सचिव ने बताया कि नई दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग में सैन्य, नौसेना और वायु सेना सलाहकारों को अवांछित व्यक्ति घोषित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि उनके पास भारत छोड़ने के लिए एक सप्ताह का समय है। इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग से देश के सैन्य सलाहकारों को वापस बुलाया जायेगा। इस बीच केन्द्र सरकार ने आज आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलाई है। सूत्रों ने बताया कि बैठक शाम 6 बजे संसद भवन परिसर में होगी।

0000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि पहलगाम हमले के दोषियों को शीघ्र ही कड़ा और स्पष्ट जवाब दिया जाएगा। नई दिल्ली में भारतीय वायुसेना के मार्शल अर्जन सिंह की स्मृति में आयोजित एक व्याख्यान में केन्द्रीय मंत्री ने भारत की आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति दोहराई। उन्होंने कहा कि सरकार पहलगाम हमले के लिए दोषियों को मुंहतोड़ जवाब देगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि इस हमले का मुकाबला करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के मद्देनजर प्रदेश में सभी जगह माकूल सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभागीय आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस आयुक्त, जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक कर राज्य में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। श्री शर्मा ने अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतते हुए अपने जिलों में कानून–व्यवस्था पर सतत निगरानी बनाए रखने को कहा। मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगते जिलों में विशेष सजगता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि सीमा पर तैनात सुरक्षा एजेंसियों के साथ निरंतर तालमेल बनाते हुए काम करें। मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक स्थानों, पर्यटन स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस जाब्ता तैनात करने के निर्देश दिए।

0000

पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले जयपुर के नीरज उधवानी का आज अंतिम संस्कार किया जायेगा। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने नीरज उधवानी को मॉडल टाउन स्थित उनके घर पंहुचकर उन्हें श्रद्धाजंलि दी। केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और डॉ. प्रेमचन्द्र बैरवा सहित कई जनप्रतिनिधि और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा कांग्रेस के कई नेता भी वहां मौजूद रहे। इससे पहले कल नीरज की पार्थिव देह के जयपुर एयरपोर्ट पंहुचने पर केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल और सांसद मंजू शर्मा सहित बड़ी संख्या में जयपुर वासियों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि  अर्पित की। नीरज उधवानी दुबई में सी.ए थे और एक विवाह में शामिल होने भारत आये थे। वे घूमने के लिए पहलगाम गये थे।

00000

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी आज जयपुर से बाल विवाह मुक्त राजस्थान अभियान का शुभारम्भ करेगी। इस अवसर पर बाल अधिकारिता विभाग की ओर से राज्यस्तरीय कार्यशाला भी रखी गई है। इस बीच अक्षय तृतीय और पीपल पूर्णिमा के अवसर पर संभावित बाल विवाहों की रोकथाम के लिए विभिन्न जिलों में प्रयास किये जा रहे है। कई जागरूकता कार्यक्मों के माध्यम से बाल विवाह रोकने का संदेश दिया जा रहा है। पाली में जिला नियंत्रण कक्ष बनाया गया है, जहां कोई भी बाल विवाह की सूचना दे सकता है।

0000

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बिहार के मधुबनी से देशभर की पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम सभाओं को संबोधित करेंगे। यह दिन 1992 के 73वें संविधान संशोधन अधिनियम की वर्षगांठ को चिह्नित करता है, जिसने पंचायतों को ग्रामीण स्थानीय स्वशासन की संस्थाओं के रूप में संवैधानिक दर्जा दिया था। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ग्रामीण विकास, आवास और शहरी मामले, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, बिजली, रेलवे और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय से जुड़ी कई  बुनियादी ढांचा और कल्याण परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे तथा आधारशिला रखेंगे। 13 हजार 500 करोड़ रुपये की इन परियोजनाओं में एलपीजी बॉटलिंग प्लांट, विद्युतीकरण परियोजनाएं, आवास योजनाएं, रेलवे बुनियादी ढांचा और सड़क विकास शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ग्रामीण और शहरी आवास योजना और दीनदयाल अंत्योदय योजना तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत वित्तीय सहायता भी दी जाएगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री विशेष श्रेणी के राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार–2025 भी प्रदान करेंगे। कुल छह पंचायतों को पुरस्कृत किया जाएगा, जिनमें से तीन का नेतृत्व महिलाओं द्वारा किया जा रहा है।

0000

प्रदेश में स्थानीय लोगों की जागरूकता और सरकार के प्रयासों से गांवों और ग्राम पंचायतों की तस्वीर बदली है। राजसमंद जिले की पिपलांत्री पंचायत इसका मजबूत उदहरण है जहां पर्यावरण संरक्षण के लिये किये गये प्रयासों की हर जगह सराहना हो रही है।

0000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि विकसित राजस्थान के निर्माण के लिए विकसित पंचायत बहुत जरूरी है। इस अवसर पर सभी को मजबूत, पारदर्शी और जवाबदेह पंचायती राज व्यवस्था के संचालन का संकल्प लेना चाहिए।

00000

विश्व स्वास्थ्य संगठन का विश्व टीकाकरण सप्ताह 2025 आज से शुरू होगा। सभी देशों में यह अभियान इस महीने की 30 तारीख तक चलेगा। विश्व टीकाकरण सप्ताह प्रत्येंक वर्ष अप्रैल के अंतिम सप्ताह में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य टीकाकरण की जीवन रक्षक क्षमता को बढ़ावा देना है। इस वर्ष की थीम है "सभी के लिए टीकाकरण मानवीय रूप से संभव हो"।

00000

राज्य में तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इससे गर्मी का असर बढ गया है। पिछले 24 घंटों में 43 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस के साथ बाडमेर सबसे गर्म स्थान रहा। यहां 25 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस के साथ सबसे ऊष्ण रात दर्ज की गई। श्रीगंगानगर में 42 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस, जैसलमेर 42 दशमलव 5, कोटा और चित्तौडगढ में 42, चूरू 41 दशमलव 7 तथा बीकानेर में 41 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉर्ड हुआ। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी सप्ताह राज्य के कुछ भागों में हीट वेव चलने की सम्भावना है। कल सीकर सहित सात जिलों में लू को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

0000